प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 27.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 76वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाओं के लिए विश्व नेताओं को धन्यवाद दिया।
- दिल्ली के कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित स्वर्णिम झारखंड की झांकी को पुरस्कार दिलाने के लिए माय गॉव पोर्टल पर अधिक से अधिक संख्या में वोट करने की अपील ।
- शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने राज्य के 800 छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण पर पुरी के लिए किया रवाना, कहा– सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को होगा विशेष अनुभव।
- रामगढ़ पुलिस ने रांची से अगवा दो व्यापारियों को सकुशल मुक्त कराया, 7 अपराधी गिरफ्तार, फिरौती की रकम बरामद।
- मौनी अमावस्या अमृत स्नान से पहले प्रयागराज में आज से पूरा महाकुंभ मेला क्षेत्र वाहन रहित क्षेत्र घोषित।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 76वें गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाओं के लिए विश्व नेताओं को धन्यवाद दिया। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में श्री मोदी ने कहा कि पिछले साल 75वें गणतंत्र दिवस पर श्री मैक्रों की उपस्थिति दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और स्थायी मित्रता का महत्वपूर्ण पड़ाव थी। श्री मोदी ने कहा कि वह पेरिस में एआई एक्शन समिट में उनसे मिलने के लिए उत्सुक हैं। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में, श्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में साझा विश्वास और भरोसे के आधार पर भारत और आयरलैंड के बीच मित्रता आने वाले समय में और मजबूत होगी।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में आज राष्ट्रीय कैडेट कोर की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली का विषय है– युवा शक्ति, विकसित भारत। आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता की झलक होगी। रैली में 18 मित्र देशों के 144 युवा कैडेट भी कदम ताल करेंगे। इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय के अंतर्गत 650 से अधिक स्वयंसेवक भी रैली में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

******************

केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी दो दिवसीय दौरे पर आज बोकारो पहुंचें । केन्द्रीय मंत्री बोकारो स्टील प्लांट का दौरा करेंगे । श्री स्वामी अधिकारियों के साथ बैठक करने के साथ ही यूनियन के नेताओं से भी मिलेंगे। कल चास नाला प्रोजेक्ट का भ्रमण करने का कार्यक्रम है

******************

झारखण्ड पुलिस ने वर्ष 2024 में राज्य में कुल 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया है जबकि 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और 9 नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में अपने संबोधन में ये बातें कहीं । उन्होंने कहा कि संगठित आपराधिक गिरोह के कुल 154 अपराधियों और एटीएस द्वारा 4 अलकायदा के आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। श्री गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2024 में अवैध मादक पदार्थ के प्रयोग और व्यापार में संलिप्त कुल–1 हजार 362 अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा गया और कुल एक करोड़ बयासी लाख इक्यावन हजार नौ सौ पचास रूपये के साथ कई प्रकार के अवैध मादक पदार्थों को भी जब्त किया गया।

वर्ष 2024 में ही साईबर अपराध में संलिप्त कुल 1 हजार आठ सौ उनहत्तर अभियुक्तों को सलाखों के पीछे भेजा गया तथा कुल आठ करोड़ सत्रह लाख चौरासी हजार सात सौ चौदह रूपये के साथ कई अवैध वस्तुएँ जप्त की गई। इसके अतिरिक्त साईबर अपराध से संबंधित करीब सरसठ करोड़ बीस लाख बीस हजार पाँच सौ तेरह रूपये फ्रीज किये गये तथा कुल तीन करोड़ सताईस लाख तिरानवे हजार सतहत्तर रूपये पीड़ित को उपलब्ध कराये गये।

******************

76 वें गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के कर्तव्य पथ पर लगातार तीसरी बार झारखंड की झांकी का प्रदर्शन किया गया । रक्षा मंत्रालय की जटिल चयन प्रक्रिया से चयनित होकर प्रदर्शित झारखंड की झांकी को पुरस्कार दिलाने के लिए माय गॉव पोर्टल पर अधिक से अधिक संख्या में वोट करने की अपील की गई है । मॉय गॉव डॉट इन स्लैश ग्रुप पोल पर जाकर आप स्वर्णिम झारखंड की झांकी को अधिक वोट देकर विजयी बना सकते हैं ।

******************

आकांक्षी जिला से संबंधित बोकारो में प्रशासन ने संबंधित विभागों को किए जा रहे कार्यों की गति और तेज करने का निर्देश दिया गया है।

******************

झारखंड एकेडमिक काउंसिल,जैक ने 28, 29, और 30 जनवरी को होने वाली आठवीं और नौवीं की बोर्ड परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित दिया है अगली तिथि की घोषणा जल्द की जाएगी।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

पूर्वी सिंहभूम जिले के टाटानगर स्टेशन से झारखंड के अलग–अलग जिलों से कुल आठ सौ छात्र स्पेशल ट्रेन से पुरी के लिए रवाना हुए । शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया मौके पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को इस यात्रा से विशेष अनुभव होगा। साथ ही छात्रों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

इस मौके पर मौजूद उपायुक्त अनन्य मित्तल ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण में बच्चों के लिए सुरक्षा से लेकर खानपान की पूरी व्यवस्था की गई है।

******************

रंगदारी वसूलने के लिए रांची से अगवा दो व्यापारियों को रामगढ़ जिले की पुलिस ने कुजू ओपी क्षेत्र से सकुशल मुक्त कराया है । पुलिस ने 7 अपराधियों को गिरफ्तार किया है । जिले के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि फिरौती मांगने के उद्देश्य से इस घटना को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि अपराधियों के पास से फिरौती की रकम 9 लाख 46 हजार रुपए जब्त किए गए। इसके अलावा नोट गिनने की दो मशीनें भी मिली है।

******************

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुम्भ क्षेत्र को आज से वाहन रहित क्षेत्र घोषित किया है। यह फैसला 29 जनवरी को आगामी अमृत स्थान मौनी अमावस्या के अवसर पर संभावित भीड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए लिया गया है। एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र को भीड़ पर नजर रखने तथा संगम पर अत्यधिक श्रद्धालुओं के जुटने पर नियंत्रण के लिए सक्रिय किया गया है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अधिक भीड–भाड़ वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई दल तैनात किए गए हैं।

******************

प्रयागराज में महाकुंभ विभिन्न पहल और कार्यक्रमों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच बन गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि कई संगठनों ने महिलाओं को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया है।

******************